# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

**विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून–248001**

फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551

email id- election09@gmail.com

फैक्स न0 (0135) – 2713724


संख्याः 1452 / XXV–10–P3 / 2023 देहरादूनः दिनांक 21 अगस्त, 2023

सेवा में

श्री पवन दीवान
अवर सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग
निर्वाचन सदन अशोक रोड़
नई दिल्ली।

**विषयः–** Election related Press Coveraga Feedback-reg

महोदय,

उपरोक्त विषयक भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या–100/ECI/UKD-LA/2/NS-II दिनांक 09 अगस्त, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित निर्वाचन संबंधी समाचारों की Clippings दैनिक आधार पर निर्धारित ईमेल के माध्यम से आयोग की सेवा में प्रेषित करने के मुझे निदेश प्राप्त हुए है।

अतः उक्त संबंध में दैनिक सूचना अध्यावधिक करते हुए दिनांक 21 अगस्त 2023 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित निर्वाचन संबंधी समाचारों की Clippings संलग्न कर निवेदन सहित प्रेषित किया जा रहा है कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्तू दास)
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड।

# बागेश्वर चुनाव से संबंधित समाचार

दिनांक 20 AUG 2023

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला

# बागेश्वर : कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारक उतरेंगे चुनावी समर में

## नामों की सूची जारी, इसमें 19 विधायक शामिल

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। विधानसभा की बागेश्वर सीट के उप चुनाव में प्रचार की प्रक्रिया तेज हो गई है। कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें प्रदेश प्रभारी से लेकर वरिष्ठ नेताओं, विधायकों और अनुषांगिक संगठनों के अध्यक्षों को शामिल किया गया है।

बागेश्वर विधानसभा सीट पर पांच सितंबर को उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। कांग्रेस ने इस सीट पर आम आदमी पार्टी छोड़कर आए बसंत कुमार पर दांव खेला है। भाजपा पहले ही चुनाव प्रचार के लिए प्रचारकों को मैदान में उतार चुकी है। अब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बागेश्वर विस उपचुनाव के मद्देनजर पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है।

प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि स्टार प्रचारकों की पहली सूची में प्रदेश स्तरीय नेताओं को शामिल किया गया है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सीएम हरीश रावत, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रीतम सिंह सहित सभी 19 विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री और अनुषांगिक संगठनों के अध्यक्षों के नाम शामिल हैं।

जोशी ने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए शीघ्र ही पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं एवं स्टार प्रचारकों का चुनावी कार्यक्रम जारी किया जाएगा। बताते चलें कि बागेश्वर उप चुनाव में 21 अगस्त को नाम वापसी की अंतिम तारीख है, जबकि पांच सितंबर को वोटिंग होगी और आठ सितंबर को मतों की गणना की जाएगी।

दैनिक जागरण

# कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

- सूची में प्रदेश के समस्त दिग्गजों और विधायकों को मिली जगह
- केंद्रीय स्तर से प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ही प्रतिनिधित्व करेंगे

राज्य ब्यूरो, देहरादून : कांग्रेस ने पांच सितंबर को होने वाले बागेश्वर उपचुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। सूची में प्रदेश के तमाम वरिष्ठ नेताओं और सभी विधायकों को सम्मिलित किया गया है। केंद्रीय स्तर से प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ही प्रतिनिधित्व करेंगे।

स्टार प्रचारकों की सूची में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री डा हरक सिंह रावत, राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन व पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा को शामिल किया गया है। पार्टी के सभी विधायक स्टार प्रचारक बनाए गए हैं। इनमें विधायक राजेंद्र भंडारी, मदन बिष्ट, तिलकराज बेहड़, ममता राकेश, हरीश धामी, फुरकान अहमद, मयूख महर, आदेश चौहान, विक्रम सिंह नेगी, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, गोपाल राणा, खुशाल सिंह अधिकारी, वीरेंद्र जाती, रवि बहादुर, सुमित हृदयेश, अनुपमा रावत भी सम्मिलित हैं। पूर्व राज्यसभा सदस्य महेंद्र सिंह मेहरा, पूर्व विधायक गोविंद सिंह कुंजवाल, सुरेंद्र सिंह नेगी, शूरवीर सिंह सजवाण, रंजीत सिंह रावत, डा जीतराम व ललित फर्स्वाण, पूर्व सांसद महेंद्र सिंह पाल, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी सूची में शामिल हैं। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, प्रदेश युवा अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, प्रदेश कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष हेमा पुरोहित को सूची में जगह दी गई है।

राष्ट्रीय सहारा

# बागेश्वर उपचुनाव में कांग्रेस की 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी

देहरादून। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि स्टार प्रचारकों की सूची में प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, हरीश रावत, प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, डा. हरक सिंह रावत, काजी मिजामुद्दीन, प्रदीप टम्टा, मनोज तिवारी, राजेंद्र सिंह भंडारी, मदन बिष्ट, तिलकराज बेहड़, ममता राकेश, हरीश धामी, फुरकान अहमद, मयूख महर, आदेश चौहान, विक्रम सिंह नेगी, भुवन चंद्र कापड़ी, गोपाल राणा, खुशाल सिंह अधिकारी, विरेंद्र जाती, रवि बहादुर, सुमित हृदयेश, अनुपमा रावत, महेंद्र सिंह मेहरा, गोविंद सिंह कुंजवाल, सुरेंद्र सिंह नेगी, शूरवीर सिंह सजवाण, रंजीत सिंह रावत, डा. जीतराम, महेंद्र सिंह पाल, ललित फर्स्वाण, प्रकाश जोशी, दर्शनलाल, ज्योति रौतेला, सुमित भुल्लर, हेमा पुरोहित व विकास नेगी शामिल किया गया है। मथुरादत्त जोशी ने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए जल्द ही पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं एवं स्टार प्रचारकों के चुनावी कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

उत्तराखंड सरकार
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
निरीक्षा शाखा
समाचार पत्र का नाम हिन्दुस्तान
दिनांक 20 AUG 2023

# उपचुनाव में कांग्रेस ने उतारे 40 स्टार प्रचारक

## स्टार प्रचारकों की सूची में सभी विधायक शामिल किए गए

बागेश्वर उपचुनाव

### जांच में सभी छह नामांकन पत्र सही पाए गए

बागेश्वर। विधानसभा उपचुनाव को लेकर शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच हुई। सभी नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए। अब 21 अगस्त को नाम वापसी का दिन है। नामांकन पत्रों की जांच में सभी छह नामांकन सही पाए गए हैं।

देहरादून, मुख्य संवाददाता। कांग्रेस ने बागेश्वर उपचुनाव में 40 स्टार प्रचारकों को मैदान में उतार दिया है। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख नेताओं के साथ ही सभी विधायक भी शामिल हैं।

प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने लिस्ट जारी करते हुए बताया कि सभी स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं, जो बागेश्वर में सघन प्रचार करेंगे। लिस्ट में प्रभारी देवेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता विपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सीएम हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत, राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन के साथ ही सभी विधायकों और अनुशांगिक संगठनों के प्रदेश अध्यक्षों के नाम शामिल हैं। जोशी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा गत 12 अगस्त से लगातार बागेश्वर में डेरा डाले हुए हैं, साथ ही नेता विपक्ष यशपाल आर्य भी नामांकन के बाद से बागेश्वर में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वरिष्ठ नेताओं को प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है।

# Congress names its star campaigners for Bageshwar by-election

PNS ■ DEHRADUN

The Congress party has released a list of 40 star campaigners for the Bageshwar Assembly by -election. The list was released by general secretary of the All India Congress Committee (AICC) KC Venugopal on Saturday. The names of in-charge of Uttarakhand Congress Devendra Yadav, the Pradesh Congress Committee (PCC) Karan Mahara, the leader of opposition (LoP) in State assembly Yashpal Arya, former chief minister Harish Rawat, former PCC presidents Pritam Singh, Ganesh Godiyal, senior leaders Harak Singh Rawat, Qazi Nizamuddin and Pradeep Tamta are in the list of star campaigners. The list also includes MLAs Manoj Tiwari, Rajendra Singh Bhandari, Madan Singh Bisht, Tilakraj Behed, Mamta Rakesh, Harish Dhami, Furkan Ahmed, Mayukh Mehar, Adesh Chauhan, Vikram Singh Negi, Bhuwan Chandra Kapri, Gopal Rana, Khushal Singh Adhikari, Virendra Jati, Ravi Bahadur, Sumit Hridayesh and Anupama Rawat. Former MP Mahendra Singh Mahara, former speaker Govind Singh Kunjwal, ministers Surendra Singh Negi and Shoorveer Singh Sajwan, Ranjit Rawat, Jeet Ram, Mahendra Singh Pal, Lalit Farswan, Prakash Joshi, president of ex servicemen cell Darshan Lal, women Congress Jyoti Rautela, Youth Congress president Sumittar Bhullar, Hema Purohit and Vikas Negi also figure in the list.



Notwithstanding the fact that the ruling party has won 13 out of 14 by-elections held in the State so far the Uttarakhand Congress is confident that its candidate is in a strong position in Bageshwar. The PCC president Karan Mahara and LoP Yashpal Arya are camping in the constituency and other senior leaders of the party including former CM Harish Rawat will campaign extensively in the by-election.

The BJP has made Parvati Dass, the widow of late Chandan Ram Dass as its candidate while Congress has put its bet on Basant Kumar for the by-election. Kumar had contested the assembly election of 2022 on AAP ticket and secured more than 16,000 votes.

In the assembly election held in the year 2022, Chandan Ram Dasss of BJP won from the Bageshwar reserved assembly seat by defeating his nearest rival Ranjit Das of Congress party. The voting for the by-election will be held on September 5 and the counting of votes will be done on September 8 and the result will be declared on the same day.